## खबर संक्षेप



### रेत के अवैध परिवहन पर ट्रैक्टर ट्रॉली किया जब्त

**बरही।** खितौली चौकी पुलिस ने अवैध रेत परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर–ट्रॉली जब्त की है। जानकारी के अनुसार पुलिस देहात भ्रमण पर थी। इस दौरान ग्राम बरनमहगवा करचुलिया मोड़ पुलिया के पास ट्रैक्टर–ट्रॉली अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाया गया। पुलिस द्वारा वाहन को रोककर जांच की गई। ट्रैक्टर चालक ने अपना नाम भारत उर्फ भारती कोल पिता सूखीलाल कोल 25 वर्ष निवासी ग्राम बरनमहगवा बताया। चालक से ट्रैक्टर–ट्रॉली में लोड रेत के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। अवैध रेत परिवहन पाए जाने पर पुलिस ने समक्ष गवाहों की मौजूदगी में ट्रैक्टर–ट्रॉली को जब्त कर लिया तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए वाहन को सुरक्षार्थ चौकी खितौली परिसर में खड़ा कराया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद चौबे, चौकी प्रभारी खितौली उप निरीक्षक ऋषभ सिंह बघेल, प्रधान आरक्षक सीताराम वर्मा, आरक्षक आशीष पटेल एवं आरक्षक दिलीप कोल की विशेष भूमिका रही।

### रैन बसेरा एवं फायर ऑफिस की व्यवस्थाओं का किया औचक निरीक्षण

**कटनी।** नगर पालिक निगम के उपायुक्त ने गत देर रात्रि शहर के बस स्टैंड में संचालित रैन बसेरा आश्रय स्थल एवं फायर ऑफिस की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रैन बसेरा में ठहरने वाले जरूरतमंद नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया तथा साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को संतोषजनक बनाए रखने के निर्देश दिए। उपायुक्त श्री गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए रैन बसेरा में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो तथा जरूरतमंदों को समय पर समुचित सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इसके पश्चात उन्होंने फायर ऑफिस का निरीक्षण करते हुए अग्निशमन वाहनों, उपकरणों एवं कर्मचारियों की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए फायर अमले को सदैव सतर्क एवं तैयार रहने के निर्देश दिए। उपायुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा नगर निगम की प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी विभागीय अमले को समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करना आवश्यक है।

### आज से 4 दिनों के लिए बंद रहेगा घंटाघर मार्ग

**कटनी।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग पर होने वाले निर्माण कार्य को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने इस मार्ग को चार दिनों के लिए बंद करने का निर्णय लिया है। यातायात व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 19 जनवरी से 22 जनवरी तक इस मार्ग पर वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। नगर निगम उपायुक्त शैलेष गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मार्ग पर महत्वपूर्ण निर्माण कार्य किया जाना है। कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोकने और कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए यह प्रतिबंध लगाया गया है। मार्ग बंद रहने के दौरान नागरिकों की सुविधा के लिए यातायात को डायवर्ट किया गया है। नागरिक अपने वाहनों को घंटाघर से जुलूस मार्ग की ओर से ले जा सकते हैं। जगन्नाथ चौक की ओर से आने वाले लोग आदर्श कॉलोनी मार्ग का उपयोग कर अपने गंतव्य तक पहुँच सकते हैं। निर्माण कार्य की आवश्यकता को देखते हुए उपायुक्त ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

### स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम इमलिया में दी दबिश, सगे भाई कर रहे हैं तस्करी

# नशे का अवैध कारोबार: 22 पेटी देशी शराब की जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार दूसरा फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

शराब माफियाओं का जिले में तगड़ा नेटवर्क फैला हुआ है। वाहनों के माध्यम से गांव गांव बड़ी मात्रा में शराब की खेप पहुंचाई जा रही है। कभी कभार पुलिस अवैध खेप को पकड़ने में कामयाब भी हो जाती है लेकिन सबसे बड़ी हैरानी इस बात की है कि पुलिस की कार्यवाही महज गुर्गों तक ही सीमित रहती है, माफियाओं पर कानून का शिकंजा नहीं कस पाता जिससे वे बेखौफ होकर अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम इमलिया में दबिश देकर करीब 22 पेटी अवैध देशी शराब जब्त की है। कार्यवाही के दौरान दो तस्करों में से एक को तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया लेकिन दूसरा चकमा देकर भागने में सफल हो गया।

यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद श्रीमति आकाक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश सुमन के नेतृत्व में की गई।



#### घर में छिपा रखी थी शराब

स्लीममनाबाद थाना प्रभारी सुदेश सुमन ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी की थाना क्षेत्र के ग्राम इमलिया निवासी उदय राज सिंह पिता नरेंद्र सिंह एवं उसके छोटे भाई 22 वर्षीय आकाश पिता नरेंद्र सिंह ने अपने घर में बड़े पैमाने पर अवैध शराब छुपा कर रखी हुई है, बाहर से शराब मंगा कर वे मौका मिलते ही विभिन्न ठिकानों तक सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताए स्थान पर रेड की और उदयराज सिंह एवं आकाश सिंह के घर के बगल में बने बाथरूम में रखी 22 पेटी लाल मसाला अवैध देसी शराब बरामद की। कार्यवाही के दौरान मौका पाकर उदयराज तो भाग निकला लेकिन पुलिस ने आकाश सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 1 लाख 10 हजार रुपए बताई जा रही है।

#### फरार तस्कर की तलाश जारी

पुलिस के अनुसार उक्त दोनों भाई बाहर से शराब मंगाकर जिले के विभिन्न ठिकानों तक पहुंचाने का काम कर रहे थे। जप्त की गई शराब की 22 पेटियां उदयराज ही लेकर आया था। उदयराज को गिरफ्तार किए जाने के बाद ही शराब कहां से लाई गई इस बात का खुलासा हो सकता है। पुलिस फरार आरोपित की तलाश कर रही है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

#### कार्यवाही में इनकी रही भूमिका

इस कार्यवाही में निरीक्षक सुदेश कुमार, उनि. एस.के. बडगैया, उनि काशीराम झारिया, प्रआर तेज प्रकाश सिंह, आर अभिषेक राजावत, सोने सिंह, विशाल शिवहरे, आर अचल कुमार की भूमिका रही।



# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

खेलों एमपी यूथ गेम्स के तहत जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन और जिला जूडो संघ कटनी के सहयोग से जिला स्तरीय खेलो एमपी जूडो की चयन प्रतियोगिता का आयोजन डम्बल और बार्बल जिम जूडो ट्रेनिंग सेंटर में किया गया जिसमें खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया ओर राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुये। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में 50 किलोग्राम में बादल कुम्हार, -55 किलोग्राम में ओम दुबे, 60 किलोग्राम में प्रभाकर सिंह यादव, 66 किलोग्राम में मृत्युंजय सिंह तोमर, 73 किलोग्राम में विकास चौधरी, 81 किलोग्राम में सुधांशु सिंह, 90 किलोग्राम में रितेश जेठानी व प्रदीप गोस्वामी ने बाजी मारी। वही बालिका वर्ग 70 किलोग्राम में किरन जेतवानी ने बाजी मारी। ये सभी खिलाडी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कटनी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर जूडो कोच एवं खेल प्रशिक्षकों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी तथा उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास एवं अनुशासन बनाए रखने का आह्वान किया।चयन से खिलाड़ियों एवं अभिभावकों में खुशी का माहौल है।

### उमरियापान पुलिस ने की कार्यवाही, झाड़ियों में छिपा दी थी बाइक

# वाहन चोरी करने वाले बदमाशों को किया गिरफ्तार, बाइक बरामद कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

उमरियापान पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित से बाइक बरामद करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 16 जनवरी को दीपक पटेल 35 वर्ष निवासी ग्राम कछारगांव ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों द्वारा मैरिज गार्डन के सामने से चोरी कर लिया गया है। शिकायत पर धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना उमरियापान पुलिस ने अज्ञात आरोपी एवं चोरी गए वाहन की तलाश शुरू की। जांच के दौरान संदेही मंगल कोल से कड़ाई से पूछताछ की गई, जिसने अपने एक अपचारी बालक साथी के साथ मिलकर मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया।



आरोपी ने बताया कि चोरी की मोटरसाइकिल को नर्मदा नहर उमरियापान पुल के पास झाड़ियों में छिपाकर रखा गया था। आरोपी की निशानदेही पर मोटरसाइकिल क्रमांक MP 08 MY 3788, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 50 हजार रुपये है, बरामद कर पुलिस ने अपने कब्जे में ली। पुलिस ने आरोपी मंगल कोल 21 वर्ष निवासी कुदवारी मोहल्ला उमरियापान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायालय द्वारा आरोपी को जिला जेल कटनी भेज दिया गया।

कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक दिनेश तिवारी, उप निरीक्षक बी.एस. मार्को, प्रधान आरक्षक अजय सिंह, अजय तिवारी, आरक्षक योगेश पटेल, मोहन मुवेल, रोहित झारिया एवं आरक्षक चालक गोवर्धन रजक की भूमिका रही।

### बाबा हरिदास की हुई प्राण प्रतिष्ठा, निकाली गई शोभायात्रा



स्लीमनाबाद के समीपस्थ ग्राम कोहका स्थित हरिदास ब्रजधाम मंदिर में शनिवार से सात दिवसीय बसंतोत्सव पर्व का आगाज हुआ। बसंतोत्सव पर्व के तहत विश्व कल्याण की कामना को लेकर बाबा हरिदास महाराज की प्राण–प्रतिष्ठा हुई। प्राण–प्रतिष्ठा से पूर्व विशाल शोभायात्रा निकाली गईं। शोभायात्रा में जय–जय श्रीराम की गुंजायमान हो रही थी। ढ़ोल –नगाड़ो व आतिशबाजी के बीच भगवा ध्वज लहराते हुये शोभायात्रा हरिदास ब्रजधाम मंदिर पहुंची जहाँ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि –विधान से हरिदास महाराज की प्राण –प्रतिष्ठा हुई। हरिदास महाराज की प्राण –प्रतिष्ठा करने का सौभाग्य अचला इंद्रकुमार को मिला। सभी यादव सामाजिक जनों ने इस धार्मिक कार्य के लिए उन्हें बधाई दी व उज्वल भविष्य की कामना की। इसके बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान पंडित रमाकांत पौराणिक, संतोष तिवारी, गुलाब यादव, महेश यादव, भगवत यादव, मदन यादव, सुरेंद्र यादव, रामनारायण यादव, अनिकेत यादव, रामभगत यादव, मोहित यादव, दुर्गेश यादव सहित बड़ी संख्या मै श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# भारी वाहनों की धमाचौकड़ी से हादसे का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

नगर के सघन रिहायशी क्षेत्र भारी वाहन जैसे हाइवा, डम्फर पत्थरों का ओवर लोड परिवहन कर धड़ल्ले से निकल रहे हैं जिससे कभी कोई भी भयावह हादसा हो सकता है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी लगातार अनदेखी कर रहे हैं। किसी अप्रिय घटना के बाद भी अधिकारियों की चेतना जाग्रत होती है। बड़वारा के मिशन चौक से रोजाना भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है जिसके चलते धूल के गुब्बार उड़ते है जिससे स्थानीय निवासी श्वांस संबंधी बीमारियों की जकड़ में रहे हैं।



पूर्व में मिशन चौक स्थिती दुकान में एक ट्रक घुस गया था जिससे सलमान नामक युवक की मृत्यु हो गई थी। सलमान की दुर्घटना में मृत्यु होने पर स्थानीय लोगों के द्वारा चकाजाम एवम धरना प्रदर्शन किया गया था तब मौक़े पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने बड़े वाहनों के आने जाने पर नो इंट्री की व्यवस्था तत्काल लागू की थी एवम पुलिस की तैनाती करवाई थी किंतु विगत पांच से छः महीनों से नो इंट्री की व्यवस्था पूर्ण रूप से बंद कर दी गई है। प्रशासन की अनदेखी व उदासीन रवैये से कभी भी हो सकती है दुर्घटना।

बड़वारा क्षेत्र में अनेक डोलोमाइट पत्थरों की खदानें व क्रेशर संचालित हैं जिनसे रोजाना भारी मात्रा में डोलोमाइट पत्थरों का उत्खनन व परिवहन होता है जिनको नियमानुसार अपने व्यवसाय के संचालन के लिये स्वयं के व्यय पर वैकल्पिक मार्ग बनवाया जाना चाहिए जो कि खदान व क्रेशर संचालकों के द्वारा नही किया गया है। स्थानीय रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बड़वारा में पुनः नो इंट्री की व्यवस्था लागू की जाए जिससे जन जीवन सुरक्षित हो सके अन्यथा यदि भविष्य में कोई भी दुर्घटना घटित होगी तो उसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### विधायक ने कहा खेल प्रतिभाओं को निखारने होगा हर संभव प्रयास

# रीवा को हरा कर निवार की टीम ने डायमंड चैलेंजर कप पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

तेवरी में डायमंड क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता डायमंड चैलेंजर कप का समापन हो गया। समापन अवसर फाइनल मुकाबला रीवा व निवार टीम के मध्य खेला गया। फाइनल मुकाबला 12-12 ओवर का हुआ। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये निवार टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 67 रन बनाये।

#### 56 रन ही बना सकी रीवा टीम

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी रीवा की टीम 56 रन ही बना सकी ओर 11 रन से मुकाबला हार गईं। इस प्रकार निवार की टीम 11 रन से मुकाबला जीत कर डायमंड चैलेंजर कप पर कब्जा किया।



#### विजेता टीम व खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

फाइनल मुकाबले के बाद सेरेमनी आयोजित की गईं जिसमें विधायक प्रणय पांडेय ने विजेता व उपविजेता टीम को नगद राशि व शील्ड देकर सम्मानित किया गया!फाइनल मुकाबले मै शानदार प्रदर्शन करने वाले आकाश त्रिपाठी को मैन ऑफ द मैच व अंशुल दुबे को मैन ऑफ द सीरीज से चुना गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक प्रणय पांडेय क्रिकेट टूर्नामेंट के इस आयोजन के लिए डायमंड क्लब क्रिकेट के सदस्यों को धन्यवाद दिया ओर कहा कि छोटे -छोटे टूर्नामेंट से ही खिलाडी निकलकर आते है जो आगे बढ़ते है। खिलाडी अपनी खेल प्रतिभा को निखारे, इसके लिए हरसंभव सहयोग किया जायेगा। खेलों को विधानसभा में बढ़ावा देने जगह जगह खेल स्टेडियम बनाये जाये रहे है।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा,एसडीएम राकेश चौरसिया,जन भागीदारी समिति अध्यक्ष राधेश्याम गोलू तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला,सुनील पाठक, पूरन परस्ते, देवेंद्र पटेल, मनोज कुशवाहा, अभय दुबे, सुनील विश्वकर्मा, दामोदर कुशवाहा, जनपद सदस्य कमलेश सिंघई, अमित लकी अग्रहरी सहित बड़ी संख्या मै खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही।

### स्टेशन चौराहा से शुरू हुई दौड़, बच्चों ने दी ग्रुप डांस की प्रस्तुति

# रन फॉर कटनी मैराथन दौड़ में हर उम्र के व्यक्तियों ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रविवार को स्वस्थ कटनी स्वस्थ देश स्वस्थ नगर के उद्देश्य को लेकर रन फॉर कटनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक मौसूफ बिट्टू द्वारा बताया गया की रन फॉर कटनी को लेकर प्रतिभागियों के उत्साह का इस कदर था कि सुबह 7 बजे ठंड होने के बावजूद छोटे-छोटे बच्चों से लेकर युवा एवं बुजुर्गों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई।



रन फॉर कटनी मैराथन दौड़ शुरू होने के पहले वार्मअप सेशन कराया गया जिसमें डी.जे फ्रॉलिक्स की धुन पर नेहा मोटवानी,अलोक कचेर,मुस्कान संगतानी,शिखा रावलानी द्वारा लीड कराया गया इनके सॉन्गस की धुन पर हजारों की भीड़ थिरकने लगी। समर्पण भारत बिट्टू सेवा ट्रस्ट के सहयोग से जिला अधिवक्ता संघ, जिला एथलेटिक संघ एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन से जबलपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा,निगम अध्यक्ष मनीष पाठक,मनीष गेई,अमित शुक्ला,प्रेम बत्रा, दिव्यांशु मिश्रा, ऋषभ मित्तल,सुमित अग्रवाल, मुकेश मुल्तानी ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर कटनी को रवाना किया।

रन फॉर कटनी दौड़ स्टेशन चौराहे से शुरू होकर सुभाष चौक, मिशन चौक, चांडक चौक, आदर्श कॉलोनी, तिराहा घंटाघर,गर्ग चौराहा, बरही रोड होते हुए स्टेशन चौराहे पहुंच कर दौड़ समाप्त हुई। मैराथन दौड़ का जगह जगह स्वागत किया गया। नगर निगम के सामने डीपीएस स्कूल परिवार द्वारा,चांडक चौक में मलिक परिवार द्वारा,घंटाघर के पास यूथ हॉस्टल एसोसिएशन द्वारा,गर्ग चौराहे पर चौहान परिवार द्वारा वॉटर, ड्रिंक एंड फास्टफूड की व्यवस्था की गई। रन फॉर कटनी में जिले के समस्त स्कूलों-कोलेजों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों एवं छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। कुछ प्रतिभागियों को आयोजन के तहत निशुल्क टी शर्ट व टोपी भी दी गई। नारी शक्ति सम्मान एवं ग्रुप सम्मान,सोशल मीडिया योद्धाओं का सम्मान किया साथ ही महिलाओं एवं बेटियों का भी सम्मान किया गया जिनमें श्रीमती नीतू लालवानी, श्रीमती अनामिका बाजपेई,श्रीमती जूही सीरवानी,पूर्वी शुक्ला शामिल रहे हजारों हजार की संख्या में पहुंचे लोग रन फॉर कटनी में हजारों की तादाद में लोग पहुंचे। इसमें युवा, बच्चे, महिलाएं युवतियां व उम्र दराज लोग शामिल थे।

कार्यक्रम में शामिल होकर सभी ने जमकर मौज मस्ती की और कार्यक्रम का आनंद लिया।बच्चों ने दी ग्रुप डांस की प्रस्तुति इस अवसर पर बच्चों ने ग्रुप डांस के माध्यम से समाज में एकता एवं स्वस्थ रहने का संदेश दिया।



# अतिक्रमण हटाने हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बस स्टैंड परिसर में व्यापक अतिक्रमण हटाने की सख्त कार्यवाही की गई। विदित हो कि बस स्टैंड परिसर में प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म तथा प्रवेश-निकास मार्गों पर ठेले एवं अस्थायी दुकानें लगने के कारण यात्रियों को बसों तक पहुँचने, प्रतीक्षा करने तथा सामान के साथ आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसके चलते न केवल यात्री परेशान हो रहे थे, बल्कि यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी।

कार्यवाही के दौरान नगर निगम के अतिक्रमण दल द्वारा बस स्टैंड प्रतीक्षालय के ऊपर एवं प्लेटफॉर्म क्षेत्र में ठेले लगाकर व्यवसाय कर रहे लगभग 20 ठेला संचालकों को हटाया गया। सभी ठेला संचालकों को पूर्व से निर्मित एवं निर्धारित हॉकर्स जोन में विधिवत रूप से स्थानांतरित कराया।

## खबर संक्षेप

### अमाड़ी प्राथमिक स्कूल से सामग्री ले गये बदमाश

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम अमाड़ी स्थित प्राथमिक शाला में चोरों ने रसोई घर से गैस सिलेंडर और राशन सहित अन्य सामान पार कर दिया है। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चोरी की यह घटना 13 से 15 जनवरी के मध्य की है। चोरों ने प्राथमिक शाला के किचिन सेट का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और वहां रखा सामान समेट ले गए। स्कूल की प्रधानपाठिका श्रीमती राधा रैदास की रिपोर्ट के अनुसार चोरों ने 01 गैस सिलेंडर,मध्याह्न भोजन के लिए रखा अनाज, रसोई के बर्तन आदि चोरी कर लिया जिनसी कीमत 6,375 रुपये आंकी गई है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 331(4) एवं 305(ए) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### सस्ता सीमेंट का झांसा देकर लाखों की ठगी

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली न्यू एसीसी कॉलोनी में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक जालसाज ने मोबाइल फोन के माध्यम से सस्ते सीमेंट का झांसा देकर एक बुजुर्ग व्यक्ति से 2,30,000 रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता धनेश लालवानी 61 वर्ष निवासी न्यू एसीसी कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था। आरोपी ने खुद को सीमेंट विक्रेता बताकर सस्ते दामों पर सीमेंट उपलब्ध कराने का लालच दिया। सीमेंट की बुकिंग के नाम पर आरोपी ने धनेश लालवानी से उनके बैंक खाते से किस्तों में कुल 2.30 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। घटना 14 एवं 15 जनवरी के बीच की है। रुपये ट्रांसफर होने के बाद जब काफी समय तक सीमेंट की डिलीवरी नहीं हुई, तो प्रार्थी ने संबंधित नंबरों पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने टालमटोल शुरू कर दी और बाद में फोन उठाना बंद कर दिया। खुद को ठगा महसूस कर धनेश लालवानी ने 16 जनवरी को माधवनगर थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 318(4), 319(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

### मान्यता व नवीनीकरण के लिए अंतिम तिथि 20 जनवरी

**कटनी।** शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत संचालित सभी अशासकीय विद्यालयों को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन माध्यम से मान्यता नवीनीकरण अथवा नवीन मान्यता के लिए आवेदन करना होगा।इसके लिये राज्य शिक्षा केन्द्र ने आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 निर्धारित की है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा का अधिकार नियम 11 के उपनियम 4(ग) के तहत यदि कोई स्कूल निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाइन आवेदन नहीं करता है, तो उस स्कूल को मान्यता विहीन माना जाएगा और विद्यालय का संचालन शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा।

### विभिन्न वार्डों से पेयजल के 427 सैंपल लेकर की शुद्धता की जांच

**कटनी।** शहर के प्रत्येक वार्ड के नागरिकों को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ नगर निगम कटनी का जल प्रदाय का अमला पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहा है। उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि जल आपूर्ति की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए वार्ड स्तर तक व्यापक कार्यवाही की जाकर रोजाना पेयजल आपूर्ति के दौरान सप्लाई किए जाने वाले जल की सैंपलिंग का कार्य जारी हैं। जिसके तहत शुक्रवार शाम तक लगभग 427 पेयजल नमूनों की सैंपलिंग कराई जाकर शुद्धता की जांच चुकी है। वही गठित टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण के दौरान लीकेज संबंधी शिकायतों को सफलतापूर्वक दुरुस्त किया जा रहा है। पानी की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो, इसके लिए जल विभाग की टीमें लगातार सक्रियता से कार्य करनागरिकों से सीधे संवाद के माध्यम से जलापूर्ति का फीडबैक ले रही है।

---

### पुलिस एवं राजस्व विभाग के आला अधिकारी रहे मौजूद, जबलपुर से पहुंची टीम

# आधी रात तक डरे सहमे रहे ग्रामीण, पकड़ में नहीं आया तेंदुआ, पिंजरा देखते ही भागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



बहोरीबंद वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम राखी में तेंदुआ के आ जाने वं ग्रामीण पर हमला करने के बा शनिवार की रात 12 बजे तक हड़कंप की स्थिति बनी रही है। गांव में तेंदुआ की मौजूदगी के चलते ग्रामीणजन डरे सहमे रहे। ग्रामीण पर हमला करने के बाद तेंदुआ भागा और दो दीवारों के बीच तंग रास्ते में फंस गया। ग्रामीणों द्वारा वन विभाग एवं पुलिस विभाग को तत्काल जानकारी दी गईं।

जानकारी लगते ही स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार राजकुमार नामदेव, वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम, थाना प्रभारी सुदेश सुमन, अखिलेश दाहिया पुलिस बल व वन अमले के साथ मौक्रे पर पहुंचें। पुलिस व वन अमले के कर्मचारी हाथों में लाठी-डंडा लिए खडे रहे। वही जानकारी लगते ही डीएफओ गर्वित गंगवार भी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन की तैयारी शुरू की।

#### रात 1 बजे तक रही दहशत

जबलपुर से वेटनरी डॉक्टर की टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए पिंजरा आने में देरी हो रही थी जिससे गांव के लोगों में आक्रोश नजर आया। 6 घंटे से फंसा तेंदुआ जैसे ही पिंजरा मौके पर पहुंचा और रेस्क्यू ऑपरेशन की बारी आई तब उच्च अधिकारियों ने मकान के छत पर चढ़कर देखा तो तेंदुआ भाग खड़ा हुआ था। शाम 6 बजे से रात्रि 1 बजे तक गाँव में हड़कंप की स्थिति निर्मित रही। लोगों में दहशत का माहौल रहा कि आखिर तेंदुआ कहा गया।

#### दूसरे दिन भी अलर्ट रहा वन विभाग

राखी गाँव में तेंदुआ की आमद से शनिवार को भी बहोरीबंद वन विभाग का अमला अलर्ट मोड़ पर रहा है। गाँव से लगे जंगल में निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया गया। गौरतलब है राखी गाँव से लगे जंगल में दो-तीन तेदुआ अपना डेरा डाले हुये है जो अचानक बीच बीच में गाँव की ओर आ जाता है। वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम ने बताया कि वन विभाग की टीम सतर्क है, लोग सुरक्षित रहे, वन्य जीवों से कोई नुकसान न हो इसके लिए वन विभाग की टीम अलर्ट मोड़ पर काम कर रही है।

---



## 25 लाख के निर्माण कार्यों की रखी गई आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही जल निकासी समस्या के समाधान हेतु लगभग 25 लाख 8 हज़ार रुपये की लागत से विभिन्न स्थानों पर बनने वाली सीसी नाली निर्माण का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर की प्रथम नागरिक महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद सीमा अरविंद श्रीवास्तव की गरिमामय उपस्थिति में सीसी नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस दौरान नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सदस्य, पार्षदगण अन्य जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा पूजा-अर्चना कर विकास कार्य की औपचारिक शुरुआत की गई। कार्यक्रम स्थल पर वार्डवासियों में विशेष उत्साह एवं सकारात्मक माहौल देखने को मिला। नागरिकों ने लंबे समय से चली आ रही जलभराव और गंदगी की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जताते हुए नगर निगम द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की।

इस दौरान महापौर ने नागरिकों से संवाद करते हुए भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ होने के साथ-साथ स्वच्छता और जनसुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को मज़बूत करना है। नाली निर्माण से क्षेत्र में जलभराव, गंदगी एवं आवागमन से जुड़ी समस्याओं से नागरिकों को राहत मिलेगी।

---

### पौसरा में पशु बांझ निवारण एवं उपचार शिविर का आयोजन

## पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण एवं उपचार कर दवाईयों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत पौंसरा में मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना अंतर्गत पशु बांझ निवारण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। पशुपालन विभाग के उपसंचालकडॉ आर के सोनी ने बताया कि शिविर में ग्राम के 85 पशुपालकों ने लाभ प्राप्त किया। शिविर में 37 पशुओं में रिपीट ब्रीडिग संबंधित उपचार, 58 पशुओं का बांझ निवारण उपचार, 2 पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान,10 पशुओं का गर्भ परीक्षण, 6 नाटों का बधिया करण सहित कुल 398 पशुओं का उपचार एवं दवा वितरण किया गया।

जिले में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत फूट एंड माउथ डिजीज नियंत्रण अभियान प्रारंभ है। इसके अंतर्गत ग्राम के गौवंश एवं भैंस वंश को शिविर में निःशुल्क एफएमडी टीकाकरण किया गया।

शिविर में उपस्थित ग्रामीण जनो को सेक्स सोर्टेड सीमन का उपयोग कर उन्नत नस्ल की मादा बछिया प्राप्त करने की तकनीक के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही, चिकित्सकों द्वारा पशुपालकों को समय से कृमिनाशक दवाएं देने, अच्छा संतुलित आहार कैसे बनाया जाए, हरे चारे, हे और साइलेज़ बनाने की विधि के साथ इनके उपयोग की भी सलाह दी गई।

शिविर में ग्राम के उन्नत पशुपालकों को दुग्ध सहकारी समिति के माध्यम से दुग्ध संकलन और अधिक दुग्ध उत्पादन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। ठंड के मौसम में पशुओं के रखरखाव, भैंस प्रजाति के बच्चों की मृत्युदर को कम करने के उपाय बताए गए एवं उन्हें जन्म लेने के एक सप्ताह से कृमिनाशक दवा देने,संतुलित दूध की मात्रा और संतुलित आहार देने की भी सलाह दी गई। इसके अलावा शिविर में पशुपालकों को पशुपालन में पशु प्रबंधन संबंधित रोजमर्रा की समस्याओं को सुनकर उपयुक्त सलाह दी गई।

शिविर में सरपंच अनिरुद्ध पांडे, पंच अलोच यादव, जिला पशु चिकित्सालय कटनी के सिविल सर्जन डॉ सुमंत वर्मा ,पशु चिकित्सा शल्यज्ञ डॉ साकेत मिश्रा, डॉ प्रहलाद कुमार तोमर, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी राकेश कुशवाहा आदि की उपस्थिति रही।

---

### शिविर में नेत्र परीक्षण कर दवाईयां एवं चश्में किये वितरित




बरही नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष स्व .बाला प्रसाद वर्मा लालाजी की पुण्यतिथि के अवसर पर चित्रकूट का पांचवां विशाल निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर नवीन बस स्टैंड में आयोजित किया गया। सर्व प्रथम मरीजों का पंजीयन किया गया जिसमें 850 मरीजों में से 350 मोतियाबिंद मरीजों को आपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया। 500 मरीजों को दवाइयां एवं चश्में वितरित किये गये। नेत्र संबंधी सभी रोगो की जांच नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की गई। चश्में रियायती दर उपलब्ध करायें गये। चिकित्सालय में प्राइवेट वार्ड फेको सर्जरी की सुविधा उपलब्ध की गई। लेंसिक लेजर मशीन द्वारा चश्में से छुटकारा नेत्र शिविर में आने जाने के लिए एवं निशुल्क भोजन व्यवस्था की गई थी। मुख्य अतिथि सिंगर शरद सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष पियुष अग्रवाल, राजेश वर्मा, राजीव वर्मा, राजकिशोर वर्मा, अजय वर्मा, विजय वर्मा, पार्षद प्रज्ञा वर्मा व नगर के सभी सहयोगी जनों का सहयोग रहा।

---

## छात्र छात्राओं ने प्राप्त किया जल शुद्धिकरण प्लांट के कामकाज का व्यावहारिक अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही के विद्यार्थियों को बरही में स्थापित जल शुद्धिकरण केन्द्र का भ्रमण कराया गया। डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जल शुद्धिकरण प्लांट के कामकाज का व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उनके अकादमिक ज्ञान को बढ़ाना था। साथ ही, इस प्रकार के भ्रमण कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, पर्यावरणीय जिम्मेदारी एवं सामाजिक सहभागिता की भावना को विकसित करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं।

विद्यार्थियों को नदी से जल शुद्धिकरण केंद्र तक जल के आने, ऑक्सीजन स्तर को नियंत्रित करने, बैक्टीरिया को समाप्त करने, जल की शुद्धता के विभिन्न मानकों पी.एच., टी.डी.एस. आदि को समझाकर शुद्ध जल के घरों तक पहुंचने की प्रक्रिया बताई।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मौजूद स्टाफ के साथ बातचीत की और जल शुद्धिकरण से संबंधित विभिन्न प्रश्न भी पूछें एवं सदस्यों द्वारा विस्तृत उत्तर दिया। नगर परिषद बरही सीएमओ आर. एस. त्रिपाठी ने कहा कि यह भ्रमण न केवल जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया को समझने का माध्यम है, बल्कि यह विद्यार्थियों को जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं जनहित के प्रति संवेदनशील नागरिक बनने की प्रेरणा भी देगा। प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखते हुए, उन्हें वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड़ना नई शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य हैं।

---

### रमैया कुटी धाम में श्रीराम महायज्ञ का हो रहा आयोजन

## भक्तो के कष्ट दूर करने अवतरित होते है भगवान, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु, बरसाये फूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



खुल गए सारे ताले क्या बात हो गई, जब जन्मे कन्हैया वाह क्या बात हो गई। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की। भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य अवसर पर जब व्यासपीठ से यह भजन गूंजे तो समूचा वातावरण आनंद से भर गया। अवसर था ग्राम पंचायत राखी स्थित रमैया कुटी धाम मैं चल रहे श्रीराम महायज्ञ में कथा के चतुर्थ दिवस शनिवार का,इस मौके पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का कथा रस बरसा। बालकृष्ण की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु विभोर हो गए।

जन्मोत्सव के खास अवसर के लिए कथा पांडाल को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। नन्हें मुन्हें बच्चे भी कृष्ण रूप में श्रद्धालुओं को लुभा रहे थे। वसुदेव जब डलिया में बाल कृष्ण को डलिया में लेकर निकले तो उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई। श्रद्धालु कृष्णभक्ति में विभोर होकर नाच उठे। कथा वाचक साध्वी पुष्पा देवी ने कहा कि जीव जीवन भर अहंकार में जीता है, लेकिन जब अंत समय निकट आता है तो उसे भगवान याद आते हैं।

जीवन भर किए गए पाप अंत समय की गुहार से नहीं कट सकते, इसलिए प्रतिपल भगवान का सुमिरन करते रहे, जिससे आप पाप कर्मों की ओर नहीं बढ़ेंगे और सत्कर्मों की प्रेरणा मिलती रहेगी। वामन भगवान की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि तीन पग यानि धर्म, अर्थ काम हैं, यदि इनका ठीक प्रकार से निवर्हन हो गया तो मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। राजा बलि के दान से प्रसन्न होकर भगवान वामन ने जब वरदान देने को कहा तो बलि ने कहा कि भगवन आते जाते बस आपके दर्शन हो जाएं, मुझे और कुछ नहीं चाहिए, इस तरह बलि ने भगवान को अपना द्वारपाल बना लिया। बलि बाद में इंद्र बनकर इंद्र के सिंहासन पर विराजमान हुए। अर्थात भगवान की कृपा जब मिलती है तो संसार के सारे सुख भक्त की झोली में आ जाते हैं।सायंकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया।

इस दौरान यज्ञाचार्य प्रमोद परौहा, यजमान दीनदयाल पांडे, विजय नायक, उत्तम लाल नायक, भजन गायक सतेन्द्र असाठी,सरपंच नम्रता आकाश नायक सहित समस्त शिष्य मंडल एवं बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

---

### जिला अस्पताल में चल रहे कार्य में विलंब होने पर जताई नाराजगी

## लापरवाही पर अनुबंध करें निरस्त, ब्लैक लिस्टेड करने करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को तय समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्यों का कराया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर पीएचई, पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन परियोजना क्रियान्वियन इकाई, सड़क योजनाओं एवं जिला योजना समिति, पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन, पीएम ग्रामीण सड़क योजना आदि विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहें थे।

बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री पवनसुत गुप्ता् को सभी पूर्ण नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करने का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दियें। साथ ही कार्य में रूचि नहीं लेने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध अनुबंध निरस्त करने और उन्हें ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

कलेक्टर द्वारा पिछली बैठक में दिये गये निर्देश के बाद अब तक मेसर्स शिवम इंजीनियरिंग एवं मेसर्स एन.पी.एस कन्स्ट्रक्शन के अनुबंध को जल जीवन मिशन के निर्माण कार्यों में लापरवाही एवं निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण न करने के कारण निरस्त किया गया है। इसके अलावा मेसर्स नेटलिंक सॉफ्टवेयर कम्पनी को कार्य में लापरवाही बरतने एवं समय-सीमा में कार्य पूर्ण न करने हेतु अनबंध निरस्त करने का प्रस्ताव बना कर वरिष्ठ कार्यालय को स्वीकृति हेतु भेजा गया है।

बैठक में बताया गया कि वर्तमान मे जल जीवन मिशन अंतर्गत कुल 683 योजनाएं स्वीकृत है, जिसमें 442 योजनाओं का कार्य पूर्ण किया जा चुका हैं। 215 योजनाओं का कार्य प्रगतिरत हैं। जल जीवन मिशन अंतर्गत 412 पूर्ण योजनाओं में से 311 योजनाओं को हर घर जल रिपोर्टेड, 209 योजनाओं को हर घर जल सर्टिफाईड एवं 312 योजनाओं को ग्राम पंचायत को हस्तांतरित किया जा चुका है। बैठक में कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के कार्यपालन यंत्री को विभाग अंतर्गत जो भी निर्माण कार्य प्रगति पर है, उनको शीघ्र पूर्ण कर हस्तांतरित किये जाने के निर्देश दिये।साथ ही जल निगम को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को रिव्यू कर शीघ्र उसकी जांच हेतु निर्देशित किया।

#### गुणवत्ता पर दें विशेष ध्यान

बैठक के दौरान जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा अवगत कराया गया कि विभाग के अंतर्गत चल रहे 10 कार्यों में से सिर्फ 4 कार्य ही पूर्ण किये गये हैं। 3 विभागीय एवं 3 कार्य जिला खनिज प्रतिष्ठान के अंतर्गत चल रहे है। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने इन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही जिन ठेकेदारों द्वारा कार्य में विलम्ब किया जा रहा है या कार्य नहीं किया जा रहा हैं, उनके विरूद्ध अनुबंध निरस्तीकरण की कार्यवाही करते हुये अनुबंध को काली सूची में डालने की कार्यवाही करने और सम्बन्धित अधिकारी को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने हेतु आदेशित किया।

#### जारी करें शोकाज नोटिस

समीक्षा के दौरान नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के कार्यों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाये जाने पर कलेक्टर ने कार्यों के निर्माण की प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। उन्हौं जिला अस्पताल में चल रहे कार्यों के पूर्ण करने मे विलम्ब होने पर नाराजगी जाहिर करते हुये भवन विकास निगम के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टेर श्री तिवारी ने लोक निर्माण विभाग 2025-26 के बजट में स्वीकृत कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने एवं गुणवत्ता पूर्वक समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंपने कार्यपालन यंत्री पी.आई. यू. को 90-95 प्रतिशत अपूर्ण कार्यों को आगामी 1-2 माह में पूर्ण किये जाने हेतु आदेशित किया। इसी प्रकार पी.डब्लू.डी. सेतु विभाग को आदर्श कालोनी में चल रहे ब्रिज निर्माण को अगले 1 माह के अंदर पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये।

---



## यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने छात्राओं ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में यातायात नियमों की जागरूकता हेतु एक अनूठा अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का नेतृत्व कटनी थाना प्रभारी राहुल पांडे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना मिश्रा, डॉ. प्रतिमा सिंह, श्रीमती रिचा दुबे, एनसीसी केयरटेकर सुश्री मिथिलेश्वरी तथा डॉ. सोनिया कश्यप ने किया। कार्यक्रम से पहले प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उन्हें प्रभावी संवाद के तरीके बताए तथा जन-सामान्य तक संदेश पहुंचाने की विधि पर चर्चा की। यह जागरूकता अभियान बिलहरी चौराहे पर आयोजित किया गया। यहां महाविद्यालय की छात्राओं ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर नियमों का पालन करने वाले नागरिकों की तालियां बजाकर प्रशंसा की और उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही, बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चला रहे लोगों से विनम्रतापूर्वक अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने तथा सीट बेल्ट बांधने का आग्रह किया गया।

**खबर संक्षेप**

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आज

**जबेरा।** म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ₹हौसलों की उड़ान नई चेतना 4.0₹ कार्यक्रम के अंतर्गत जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत चंडी चौपरा में महिलाओं के लिए एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आज 19 जनवरी दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे से शाम 04 बजे तक ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और आवश्यक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग और मेला बाल विकास का सहयोग रहेगा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत चंडी चौपरा की सरपंच लक्ष्मी देवेन्द्र सिंह लोधी,जनपद सदस्य गुड्डीबाई इन्द्रजीत ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष जबेरा बंटी दुबे, वरिष्ठ भाजपा नेता कमल सिंघई उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा के मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी. के. राय शामिल होंगे। वीर शिवाजी CLF बम्हौरी की अध्यक्षा विद्या राय और आजीविका मिशन जबेरा के ब्लाक प्रबंधक धर्मेन्द्र मिश्रा ने सभी महिलाओं से इस स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर उठाया खौफनाक कदम

**छतरपुर।** जिले के थाना सटई के अंतर्गत ग्राम अमरपुरा निवासी 22 वर्षीय युवक श्रीपत अहिरवार पुत्र खरका अहिरवार ने जहरीला पदार्थ खाकर खौफनाक कदम उठा लिया। जैसे ही परिजनों को जानकारी लगी तो वह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिजावर लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों ने श्रीपत अहिरवार का प्राथमिक उपचार किया और हालात गंभीर होने पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया। जिला अस्पताल लाये जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से ही अहिरवार परिवार में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है ।

### सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन

**हिंडोरिया।** बुंदेलखंड आईटीआई स्कूल के तत्वाधान में सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें कक्षा नवमी से लेकर बारहवीं तक के लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। भारत के भौगोलिक,ऐतिहासिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं सामान्य विषयों पर परीक्षा मंन प्रश्न पूछे गए। परीक्षा के आयोजक गोपाल चौरसिया में बताया की इस परीक्षा का मुख्य उदेश्य छात्र-छात्राओं में शिक्षा का बौद्धिक विकास और सामान्य ज्ञान की प्रति रूचि बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि इसका रिजल्ट 26 जनवरी को 11:00 बजे बुंदेलखंड आईटीआई में घोषित होगा। जिसमें प्रथम आने वाले प्रतियोगी को 7000रू नगद एवं द्वितीय आने वाले को 5000रू और तृतीय आने वाले को 3000 रू का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

हिण्डोरिया में हिन्दू सम्मेलन का हुआ आयोजन

# सम्मेलन में उठी आवाज, विश्व गगन पर फिर से गूंजे भारत माँ की जय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया**



संघ कार्य शताब्दी वर्ष के अवसर पर हिंडोरिया लवकुश बस्ती के द्वारा नगर के प्रसिद्ध मुकरबा मंदिर प्रांगण में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे बस्ती के सैकड़ो की संख्या में बंधु बांधव ,मातृशक्ति व गणमान्यजनों की सहभागिता रही। इस से पहले कार्यक्रम के मुख्यवक्ता श्री जीवन जी यादव (सह जिला कार्यवाह रा.स्व.सँ), राष्ट्रीय सेविका समिति जिला सम्पर्क प्रमुख इंदु वैध्द दीदी, बूंदा बहु मंदिर मुख्य पुजारी राजेश उपम्मन ने भारत माता, भगवान श्रीराम जी का पूजन व कन्या,गौ पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जीवन जी ने कहा कि आज हम अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे है हमारा भोजन , भाषा,भजन, भूसा, भ्रमण आदि छोड़ पश्चिमी चीजो में उलझे हुए है। जगह जगह हमारी संस्कृति पर कुठाराघात हो रहा है। हम संगठित नही है इसलिए हमारा समाज गुलाम हुआ। अब आवश्यकता है एकजुट होने की। हिन्दू संस्कृति दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृति है। जब दुनिया कपड़े पहनना भी नही जानती थी तब हमारे यहाँ वेद लिख गए थे विश्वविद्यालय हुआ करते थे। आज आरएसएस जैसा संघठन हमारे पास है संघ की शाखा में जाना होगा व संस्कारित पीढ़ी को तैयार करना होगा। तभी हम भारत माता को परम वैभव पर ले जा सकेंगे। कार्यक्रम में सेविका समिति से इंदु दीदी ने पंच परिवर्तन विषय पर विस्तृत चर्चा की उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता, पर्यावरण, स्व , नागरिक कर्तव्य, कुटुम्ब प्रबोधन ये पांच बाते हमारे देश को समृद्ध बनायेगे।हमे इन पर गहनता से काम करना होगा। तभी सुंदर ,स्वच्छ वातावरण बनेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित संत राजेश उपम्मन ने बताया कि हम अपने बच्चों को मंदिर व स्कूल दोनों भेजे। अच्छे संस्कार दे। आज हमारे शिक्षा संस्थानों में क्या क्या पढ़ाया जा रहा है शिक्षा में नाम पर धर्मान्तरण ,ब्रेनबॉस हो रहा है। हमे जागरूक होना होगा। कार्यक्रम में पंच परिवर्तन पर प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसे देशकर दर्शकगण बहुत प्रभावित हुए। कार्यक्रम के अंत मे प्रसाद वितरण किया गया। और हिन्दू सम्मेलन समिति के सयोजक मोहन लाल नामदेव ने सभी सहयोगियों के आभार माना। इस अवसर पर विभाग, जिला व खंड के दायित्ववान कार्यकर्ता व बस्ती के सैकड़ो की संख्या में सज्जनवृन्द व मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

## संस्कार, संस्कृति और सामाजिक समरसता पर वक्ताओं ने व्यक्त किए विचार

**दमोह।** शहर की गायत्री बस्ती एवं शोभा नगर बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुए। दोनों ही कार्यक्रमों में समाज, संस्कृति, परिवार व्यवस्था, नारी भूमिका एवं सनातन मूल्यों के संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की गई। गायत्री बस्ती का हिंदू सम्मेलन सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती डॉ. सोनल राय (प्रांतीय महिला सहकार्य प्रमुख) ने की। कार्यक्रम की सह संयोजक कंचन जैन एवं




अर्चना जैन रहीं। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. केदार शिवहरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र जैन रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में महेंद्र पटेल (सह जिला कार्यवाह) ने विचार रखे। संत समाज से पं. रामेश्वर शर्मा एवं वरिष्ठ समाजसेवी राकेश अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. सोनल राय ने कहा कि प्रत्येक परिवार की जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों को हिंदू धर्म, हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति का बोध कराए। कार्यक्रम संयोजक ने कहा कि "हिंदू एक रहेगा तो सुरक्षित रहेगा" तथा समाज को जातियों में विभाजित करने की प्रवृत्ति से बचना चाहिए। संत समाज से पं. रामेश्वर शर्मा ने धार्मिक पहचान और संस्कारों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि हिंदू समाज को अपने धार्मिक प्रतीकों और परंपराओं को अपनाना चाहिए। मुख्य वक्ता महेंद्र पटेल ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है, जिस पर अनेक आक्रमण हुए, लेकिन इसके बावजूद यह आज भी जीवंत है। समाज को जातिगत विभाजन से ऊपर उठकर हिंदुत्व की भावना के साथ संगठित होकर आगे बढ़ना होगा, तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा। इसी क्रम में शोभा नगर बस्ती में भी हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेलवे में कार्यरत एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय दिलीप वर्मा रहे। संत समाज की ओर से कथा वाचक श्री रितेश कृष्ण शास्त्री (फुटेरा मोहल्ला) उपस्थित रहे। मातृशक्ति की सहभागिता के अंतर्गत श्रीमती भारती ताम्रकार (राष्ट्र सेविका समिति, जिला व्यवस्था प्रमुख) एवं श्रीमती अर्चना नामदेव (हिंदी लेखिका संघ की सदस्य) ने अपने विचार रखे। सम्मेलन के मुख्य वक्ता श्री रामलाल पटेल (महाकौशल प्रांत सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यवाह कमलेश पटेल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में श्रीमती भारती ताम्रकार ने सामाजिक सद्भाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में परिवारों का आकार छोटा होने से रिश्तों में दूरी बढ़ रही है, जिससे संयुक्त परिवार की परंपरा प्रभावित हो रही है। श्रीमती अर्चना नामदेव ने कहा कि भारतीय नारी अबला नहीं, सबला है और समाज निर्माण में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। भागवत आचार्य श्री रितेश कृष्ण शास्त्री ने जीवन के आध्यात्मिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव जीवन कर्मों पर आधारित है और बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्य वक्ता रामलाल पटेल ने कहा कि आस्था को केवल मन तक सीमित न रखकर आचरण में उतारना आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ी संस्कारों को आत्मसात कर सके। दोनों ही कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, बंधु-भगिनी एवं बच्चों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के समापन पर भारत माता की आरती के पश्चात सभी ने एक साथ बैठकर समरसता भोज का आनंद लिया।

# लक्ष्मी नारायण यज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा**



तेंदूखेड़ा जबलपुर मार्ग स्थित पंडा बाबा में चल रहे मकर संक्रांति महोत्सव के अंतर्गत श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का आयोजन शानदार रूप से किया गया। रविवार को यज्ञ के दौरान भगवान लक्ष्मी नारायण का विधिपूर्वक पूजन और अर्चन संपन्न हुआ। यज्ञ आचार्य आनंद कृष्ण शास्त्री (रोसरा निवासी) द्वारा विष्णु अर्चन, सूक्त और पुरुष सूक्त के माध्यम से आहुति दी गई, जिससे उपस्थित श्रद्धालुओं में आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव हुआ। मुख्य यजमान के रूप में गुड्डु दुबे, कमलेश साहू और राकेश शर्मा ने बड़े श्रद्धाभाव से यज्ञ और देव पूजन में भाग लिया। यज्ञ में उपस्थित लोगों ने शास्त्रों के अनुसार आहुति देने की विधि का पालन करते हुए अपनी भक्ति और समर्पण व्यक्त किया। यज्ञ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण कर आनंद एवं समृद्धि की अनुभूति की। पंडा बाबा समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे 20 जनवरी तक चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में भाग लेकर पुण्य प्राप्त करें और इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दें। समिति ने बताया कि यज्ञ का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना को बढ़ाना और समस्त परिवारों में सुख-शांति व समृद्धि लाना है। पंडा बाबा में आयोजित यह यज्ञ स्थानीय लोगों के लिए आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण आयोजन है। समिति का कहना है कि यज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं को धार्मिक मार्गदर्शन और शांति का अनुभव मिलेगा। क्षेत्रवासियों ने यज्ञ के सफल आयोजन के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार**

माघ मास के पावन अवसर पर ग्राम बनवार में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के बीच हुआ। कथा प्रारंभ से पूर्व भव्य कलश यात्रा खेर माता मंदिर प्रांगण से आरंभ होकर खेर माता मंदिर से धूनी वाले महादेव दरबार तक निकाली गई। पीत वस्त्रधारी बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर गगनभेदी जयकारों के साथ यात्रा में शामिल हुईं। मार्ग में हर ओर मंगलध्वनि, भजन और शंखध्वनि से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कथा स्थल पर अनुष्ठानिक हवन-पूजन के उपरांत कथा वाचक बालव्यास पंडित ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने भागवत कथा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण ऐसी दिव्य कथा है जो मनुष्य के जीवन का उद्देश्य, दिशा और ध्येय स्पष्ट करती है। जहां भी भागवत श्रवण होता है वहां के संपूर्ण क्षेत्र में दुष्ट प्रवृत्तियों, विकारों और नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है और वातावरण शांति, सद्भाव, प्रकाश और सकारात्मक ऊर्जा से भर उठता है। उन्होंने कहा कि कथा सुनने मात्र से ही जन्म-जन्मांतर के पापकर्म और मन के विकार क्षीण होने लगते हैं और प्राणी मात्र का लौकिक एवं आध्यात्मिक उत्थान होता है। कथा की वास्तविक सार्थकता तब सिद्ध होती है जब इसे अपने कर्म, व्यवहार और जीवनचर्या में धारण किया जाए। इस दिव्य आयोजन की मुख्य व्यवस्था और संचालन ग्राम की महिला भजन संकीर्तन मंडली द्वारा किया जा रहा है। दिनभर भजन, संकीर्तन और सत्संग की ध्वनियों से पूरा ग्राम आध्यात्मिक रंग में रंगा नजर आया और श्रद्धालुओं का तांता बना रहा। श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन की बैठकी ने ग्रामीण क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का अनोखा संगम रचा जिससे बनवार की पावन भूमि आध्यात्मिक प्रकाश से आलोकित हो उठी।

# मौनी अमावस्या पर बांदकपुर में रही भक्तों की भीड़



**बनवार।** बुंदेलखंड की आस्था का प्रमुख केंद्र देव श्री जागेश्वरनाथ महादेव धाम मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं की अविरल भीड़ से भरा रहा। अलसुबह से ही दर्शनार्थियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर शाम संध्या आरती तक लगातार जारी रहा। जबलपुर, बरमान और नर्मदा के विभिन्न तटों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर पैदल यात्रा करते हुए बांदकपुर पहुंचे और मां नर्मदा का पवित्र जल शिवलिंग पर अर्पित कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर परिसर में हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के घोषों के साथ भक्तों ने भक्ति गीतों के बीच शिव अभिषेक किया और परिवार सहित पूजा-अर्चना में शामिल हुए। पावन पर्व के महात्म्य को देखते हुए क्षेत्र के पवित्र जलाशयों और नदियों में आस्था की डुबकी लगाने के बाद भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और दिनभर दर्शन व जलाभिषेक का क्रम चलता रहा। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक रामकृपाल पाठक ने बताया कि मौनी अमावस्या पर जागेश्वरनाथ धाम में नर्मदा जल से अभिषेक का विशेष धार्मिक महत्व है और इसी वजह से धाम में दूर-दराज से भी भीड़ उमड़ती है। उन्होंने बताया कि सुबह पट खुलने से लेकर आरती तक मंदिर परिसर और प्रांगण भक्तों से खचाखच भरा रहा। दिनभर बांदकपुर शिवधाम एक जीवंत और आध्यात्मिक स्वरूप में दिखाई दिया, जहां भक्तों की आस्था, शिवभक्ति और नर्मदे हर के उद्घोष ने वातावरण को पूरी तरह शिवमय कर दिया। मौनी अमावस्या के पवित्र अवसर ने बांदकपुर धाम को भक्ति, विश्वास और श्रद्धा की ज्योति से आलोकित कर बुंदेलखंड को एक बार फिर शिवनगरी का रूप प्रदान कर दिया।

# अश्वगंधा एवं कलौंजी की फसल का किया मुआयना



**जबेरा** जबेरा के नजदीकी ग्राम कोरटा के जागरूक किसान बसंत राय के द्वारा कृषि के क्षेत्र में नये-नये प्रयोग किए जाते हैं उसी क्रम में इस वर्ष किसान बसंत राय निवासी कोरता के द्वारा इस बार करीब 6 एकड़ खेत में अश्वगंधा की फसल लगाई गई है तथा इसी खेत से लगे हुए खेत में कलौंजी की फसल लगाई गई है जिसे हरिभूमि के द्वारा विगत 12 जनवरी को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। हरी भूमि की खबर के आधार पर गत दिवस को कृषि विभाग जबेरा का अमला बसंत राय के खेत पर पहुंचे। कृषि विभाग के अमले में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि यह फसल लगभग 90% सक्सेस हो चुकी है तथा इस फसल में किसानों को एक से लेकर दो लाख रुपए प्रति एकड़ कि आय हो सकती है। अतः में जबेरा क्षेत्र के समस्त सम्माननीय किसान भाइयों से अपील करता हूं की इस प्रकार की व्यावसायिक फसलें किसान अपने खेतों में लगाए। एवं कृषि को मुनाफा का धंधा बनाएं। उक्त अवसर पर वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर के अतिरिक्त कमल चौरसिया, प्रिंस कुमार जैन, दीपक पटेल, अमित कुमार परमार,(सभी कृषि विस्तार अधिकारी) तथा उनके साथ श्रीकांत साहू ब्लॉक केमिकल मैनेजर एवं शिवम राय तथा आसपास के किसान उपस्थित रहे । विस्तार अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर ने किसान बसंत राय को बताया कि उक्त फसल में कितने दिनों में पानी देना चाहिए एवं कौन सी दवा और स्प्रे का छिड़काव करना चाहिए इन सब की विस्तृत जानकारी दी गई।

### मौनी अमावस्या पर संकल्प कांवर यात्रा का शुभारंभ

**बनवार।** सदियों की आस्था और भक्ति को साकार करती संकल्प कांवर पद यात्रा मौनी अमावस्या के पावन दिन मुड़ारी ग्राम से शिवधाम बांदकपुर के लिए भक्तिमय वातावरण में रवाना हुई। भेड़ाघाट के पवित्र सरस्वती घाट पर पहुंचे दंडवत श्रद्धालुओं ने पहले माँ नर्मदा का विधि-विधान से पूजन-पाठ किया और 101 मीटर लंबी चुनरी अर्पित कर जल ग्रहण किया। नर्मदा मैया के जयघोष और हर-हर महादेव के नारों के बीच कांवरिए यात्रा के मार्ग पर आगे बढ़ निकले। यात्रा में शामिल भक्त नर्मदा का जल कांवर में लेकर बसंत पंचमी को बांदकपुर स्थित देव श्री जागेश्वरनाथ महादेव का अलौकिक जलाभिषेक करेंगे। कांवर यात्रा धाराप्रवाह गति से आगे बढ़ रही है। यात्रा प्रस्थान के अवसर पर मुड़ारी के सरपंच मुकेश सिंह लोधी, सेमरा के सरपंच दीपेंद्र सिंह लोधी, गनेश सिंह लोधी, राकेश सिंह लोधी, मिथुन सिंह लोधी सहित सैकड़ों ग्रामीण श्रद्धा के साथ उपस्थित रहे।

# शासन की योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सरकार का उद्देश्य -भाव सिंह लोधी



**जबेरा।** मध्य प्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय जबेरा के सभा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।कार्यक्रम में आनंदधाम पीठाधीश्वर दंडी स्वामी श्री नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज, मुख्य अतिथि भाव सिंह मासाब,सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, भाजपा जिला मंत्री रानू नामदेव, पूर्व प्राचार्य हाकम सिंह ठाकुर, जिला प्रतिनिधि गोपाल सिंह लोधी, आजीविका मिशन से अजय कुमार शुक्ला, पंचायत इंस्पेक्टर निरपत झारिया, जिला समन्वयक सुशील नामदेव एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती वंदना जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।अतिथियों का स्वागत नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों एवं परामर्शदाताओं द्वारा पुष्पमालाओं से किया गया। जिला समन्वयक सुशील नामदेव ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान 12 जनवरी से 26 जनवरी तक संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार, ग्राम उत्सव का आयोजन, सामाजिक समरसता, नशा मुक्त भारत अभियान, स्वच्छता एवं खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर हितग्राही मूलक योजनाओं के आवेदन पत्र संकलित कर संकल्प से समाधान कार्यक्रम के माध्यम से उनका निराकरण किया जाएगा। आजीविका मिशन के प्रतिनिधि अजय कुमार शुक्ला ने महिला सशक्तिकरण हेतु संचालित स्वरोजगार अभियानों की जानकारी दी। अजय वाजपेई जी द्वारा स्मार्ट गांव पड़रिया पवन के प्रयासों की चर्चा करते हुए ग्राम के प्रत्येक व्यक्ति को अपने गांव की पहचान के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया गया। मानव जीवन विकास समिति के घनश्याम रैकवार ने प्राकृतिक एवं परंपरागत खेती को स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए आवश्यक बताया। न्यूसिड फाउंडेशन के रामवीर ने समाज को स्वावलंबी बनाने में स्वरोजगार की भूमिका पर प्रकाश डाला और स्वदेशी से स्वावलंबी अभियान की जानकारी दी। सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन ने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक तभी पहुँचेगा जब सभी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें। मुख्य अतिथि भाव सिंह मासाब ने नर सेवा ही नारायण सेवा का संदेश देते हुए ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान को मध्य प्रदेश शासन की सराहनीय पहल बताया और सभी सामाजिक संस्थाओं को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। स्वदेशी अपनाओ, जीवन को उत्कृष्ट बनाओ के संकल्प के साथ रैली का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन घनश्याम सिंह लोधी (परामर्शदाता) द्वारा एवं आभार प्रदर्शन विकासखंड समन्वयक श्रीमती वंदना जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष एवं सचिव, CMCLDP के छात्र-छात्राएँ, समस्त परामर्शदाता एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# द्विविध प्रकल्प की समाराधना का पर्व मौनी अमावस्या- श्री भगवान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**



प्रयागराज के माघ मेला क्षेत्र में स्थित साकेत धाम आश्रम द्वारा एक सराहनीय सेवा-प्रकल्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आश्रम की ओर से विशाल सेवा शिविर लगाकर श्रद्धालुओं एवं कल्पवासियों के लिए खिचड़ी, खीर तथा विविध प्रकार की भोजन-प्रसादी का निःस्वार्थ भाव से वितरण किया गया। प्रातःकाल से ही सेवा कार्य आरंभ हो गया था। स्नान उपरांत लौट रहे श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और संतोष के साथ प्रसादी ग्रहण की। शिविर में स्वच्छता, अनुशासन और सुव्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। स्वयंसेवकों ने सेवा को साधना मानते हुए पूर्ण समर्पण भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन किया। प्रसादी वितरण के दौरान करुणा, सेवा और सहभाव की मनोहारी दृश्यावली देखने को मिली। वृद्ध, महिला एवं बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की गई, जिससे सभी को सहज रूप से लाभ प्राप्त हुआ। साकेत धाम आश्रम का यह सेवा-प्रकल्प सनातन परंपरा की जीवंत मिसाल बना, जिसमें मानव सेवा को सर्वोच्च धर्म माना गया है। मौनी अमावस्या जैसे पवित्र पर्व पर आयोजित यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आस्था, सहयोग और सामाजिक समरसता का प्रेरणादायी संदेश प्रदान करता रहा। जिसमें महा मंगल सेवा समिति के सदस्यों ने महती भूमिका निभाई।

## वन विभाग की कार्रवाई से हर्रई ग्राम में भय का माहौल, पूर्व विधायक ने दिया आश्वासन



**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत चंदना अंतर्गत ग्राम हर्रई में वन विभाग की हालिया कार्रवाई के चलते ग्रामीणों में भय और असमंजस का माहौल बन गया है। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों से मकान हटाने और जगह खाली करने के निर्देश दिए जाने के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जिसको लेकर आज पूर्व विधायक प्रताप सिंह ग्राम हर्रई पहुंचे और ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को बताया कि वे सैकड़ों वर्षों से उक्त स्थान पर निवास कर रहे हैं और कई पीढ़ियां यहां रह चुकी हैं। उनका कहना है कि उनके मकान लंबे समय से बने हुए हैं, लेकिन अब वन विभाग द्वारा यह कहकर नोटिस दिया जा रहा है कि मकान वन भूमि पर बने हैं और उन्हें गिराकर अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए। इससे ग्रामीणों में गहरा डर व्याप्त है। पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है और किसी का भी मकान नहीं गिरने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे ग्रामवासियों के साथ खड़े हैं और इस मुद्दे पर प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर प्रस्ताव पारित कर यह स्पष्ट किया जाएगा कि ग्रामीण वर्षों से यहां निवासरत हैं और इस भूमि को वन भूमि से राजस्व भूमि में परिवर्तित किया जाए। पूर्व विधायक ने कहा कि इस संबंध में उनकी कलेक्टर से भी चर्चा हुई है और जल्द ही ठोस कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शासन द्वारा ग्रामीणों के खिलाफ कोई जबरदस्ती की कार्रवाई की गई, तो वे सभी ग्रामवासियों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। इस मौके पर पूर्व सरपंच संतोष सिंह लोधी, ब्लॉक अध्यक्ष नीलेश यादव, विधानसभा अध्यक्ष श्रीकांत पोर्ते, अमित जैन, राजाराम सेन, छप्पन सिंह, रूप सिंह यादव, डॉ. राजू पाल, अजमेर पाल, रमेश पाल, फते सिंह, धंसु पटेल, शकर पाल, पप्पू नेताजी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक के आश्वासन के बाद राहत की सांस ली।

### कुम्हारी क्रिकेट टूनामेंट में गरीब कन्याओं के विवाह की पहल को लोगों ने सराहा

# विवाह कप क्रिकेट में निर्धन दो कन्याओं का विवाह सम्पन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कुम्हारी क्रिकेट टूर्नामेंट जो क्षेत्र के लिये ऐतिहासिक आयोजन होता है। इस बार विवाह कप सीजन तीन मे दो जोड़े शामिल होकर परिणय सूत्र मे बधें। क्रिकेट टूर्नामेंट के फाईनल में पटवारी दमोह ओर डेंजस दमोह के बीच खेला गया। इस अवसर पर दो जोडे परिणय सूत्र में बंधे जिनमें कुम्हारी निवासी केसरी चौधरी की पुत्री वर करेया निवासी दूसरा वर पैरवारा प्रहलाद पिता पतिराम आदिवासी वधु शिवानी पिता हिमु आदिवासी हिनौति का विवाह रीति रिवाज से संपन्न हुआ। समरोह में अतिथियों ने पहुंचकर वर वधु को शुभाशीष देकर आयोजन की भूरी भूरी सराहना की।



आयोजक टीम द्वारा अतिथियों एवं बारातियों का स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में आयोजक रवि चौहान, तिलक चौहान द्वारा आतिथियो का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पधारे अतिथियों में दमोह विधायक एवं पूर्व वित्त मंत्री जयंत कुमार मलैया, विधायक हटा उमा देवी खटीक, छतरपुर विधायक ललिता यादव, जिला कलेक्टर सुधीर कोचर, जिला पंचायत सदस्य साहिल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, अंकुश खटीक, सांसद प्रतिनिधि गनेश पटेल, भवानी पटेल, आशुतोष दुबे, थाना प्रभारी ब्रजेश पांडे, सुरेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे। विवाह मे नृत्य कला और लोकगीत का कार्यक्रम हुआ। दमोह डेंजस, पटवारी 11 के बीच 15 ओवर का मैच खेला गया जिसमे पटवारी दमोह ने टास जीता और बल्लेबाजी करते हुये 203 रन बनाये जिसके बाद डेंजर क्लब ने पहाड जैसे रनों के स्कोर का पीछा करने में नाकाम साबित हुआ व पटवारी इलेवन ने मैच में विजय श्री प्राप्त की, व डेंजस दमोह हार का सामना करना पड़ा। विजेता को 41 हजार की राशि और कप दिया गया उपविजेता को 11 हजार रुपये और शील्ड दी गई।

## सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराने से बाइक सवार की दर्दनाक मौत

### झलौन तेंदूखेड़ा मार्ग पर हुआ हादसा, पुलिस जांच में जुटी



**तेंदूखेड़ा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत झलौन-तेंदूखेड़ा मार्ग पर रविवार सुबह एक बाइक सवार युवक का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। राहगीरों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त कराई और उसे तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र भेजा मृतक की पहचान तेजगढ़ थाना क्षेत्र के करौंदी निवासी वकील पिता मुन्ना सिंह लोधी (25) के रूप में हुई। वह शनिवार रात अपने घर से जबलपुर काम करने के लिए बाइक से निकला था। परिजनों के पहुंचने के बाद दोपहर करीब 12 बजे शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 9 बजे नागबाबा और बगदरी के बीच झलौन तेंदूखेड़ा मार्ग पर उसका शव घायल अवस्था में मिला राहगीरों ने डायल 112 पर घटना की सूचना दी सूचना मिलते ही पायलट संदीप अहिरवार, सैनिक मनोहर ठाकुर और प्रधान आरक्षक रवि सेन मौके पर पहुंचे उन्होंने मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया और पहचान होने पर परिजनों को सूचित किया इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया पुलिस का अंदेशा है कि मृतक की बाइक किसी पेड़ से टकरा गई होगी और काफी देर तक घायल अवस्था में पड़े रहने के कारण उसकी मौत हो गई। परिजनों ने भी पुष्टि की कि युवक जबलपुर में काम करता था और शनिवार रात करीब 9 बजे काम के लिए ही जबलपुर निकला था। वहीं घटनास्थल पर पहुंची पुलिस द्वारा जांच-पड़ताल की गई तो युवक की मौत सड़क हादसे में होना पाया गया है। घटनास्थल पर युवक की छतिग्रस्त बाइक जो तेज रफ्तार में होने के चलते सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराकर सड़क किनारे खाई में मिली है। अंदाजा लगाया गया है कि बाइक की रफ्तार इतनी तेज थी कि बाइक के सामने से परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार युवक की सिर और चेहरे में गंभीर चोटे लगने के चलते मौके पर ही मौत हो गई तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी रविंद्र बागरी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले में जांच की जा रही है।

## टॉर्च की रोशनी चेहरे पर पड़ी तो नाबालिग को मारा चाकू,घायल

**तेंदूखेड़ा।** शनिवार को तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सांगा में रात करीब 7 बजे गांव में कुछ युवकों द्वारा एक नाबालिग को चाकू मारकर घायल कर दिए जाने का घटनाक्रम सामने आया है यह घटना मामूली बात पर हुए विवाद के बाद हुई, जब नाबालिग की टॉर्च की रोशनी कुछ युवकों के चेहरे पर पड़ गई। घायल नाबालिग की पहचान देवीदास पिता लखन अहिरवार (17) निवासी सांगा थाना तेंदूखेड़ा के रूप में हुई है। उसे गंभीर हालत में प्राइवेट वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे गंभीर हालत के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इस घटना को लेकर घायल देवीदास अहिरवार ने बताया कि वह अपने पिता को लेने गांव के पास खुले पेट्रोल पंप जा रहा था। उसके पिता अजीतपुर से मजदूरी करके घर लौट रहे थे और अंधेरा होने के कारण उन्होंने देवीदास को टॉर्च लेकर पेट्रोल पंप पर बुलाया था रास्ते में नितेक अहिरवार खड़ा था देवीदास की टॉर्च की रोशनी नितेक के चेहरे पर पड़ने पर उसने गाली-गलौज शुरू कर दी देवीदास अपने पिता को लेने पेट्रोल पंप चला गया पेट्रोल पंप से लौटते समय नितेक अहिरवार अन्य लोगों के साथ आया और देवीदास की कमर में पीछे से चाकू मारकर भाग गया। पिता ने घर के अन्य सदस्यों को बुलाया और निजी वाहन से उसे इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले गए प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने देवीदास की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही घायल को जबलपुर रेफर किया जा चुका था। तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी रविंद्र बागरी ने बताया कि घायल के बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया जाएगा और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## तेज रफ्तार बाइक सवार ने खेत जा रही महिला को मारी टक्कर, जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा।** रविवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत सैलवाड़ा ग्राम के पास घर से खेत जा रही एक महिला को बाइक सवार युवक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार माया पति गुड्डा गौड़ उम्र 45 वर्ष निवासी सैलवाड़ा थाना तेंदूखेड़ा है जो कि शाम 5 बजे अपने घर से पैदल खेत जा रही थी उसी समय सामने से तेज रफ्तार में आ रहे बाइक सवार युवक ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गए साथ ही बाइक सवार युवक भी गिरकर घायल हो गया। घटना की सूचना राहगीरों द्वारा 108 वाहन को दी गई जहां सूचना मिलते ही डॉ विजय ठाकुर पायलट नरेश अड्डया मौके पर पहुंचे और घायल महिला को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से महिला को गंभीर हालत के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं बाइक सवार युवक राजेंद्र पिता राम सींग गौड़ उम्र 30 वर्ष निवासी बधंना सैलवाड़ा थाना तेंदूखेड़ा भी महिला को टक्कर मारकर घायल हो गया जिसका स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद छुट्टी कर दी गई बताया गया है कि बाइक सवार युवक शराब के नशे में चूर था जो अधिक शराब के कारण होश में नहीं था पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## बुंदेली महोत्सव के तीसरे दिन पंजाबी पॉप की धूम



**दमोह।** शहर के तहसील ग्राउंड में बुंदेली गौरव न्यास के तत्वावधान में आयोजित बुंदेली दमोह महोत्सव के तीसरे दिन सांस्कृतिक, शैक्षणिक और खेल गतिविधियों का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी रही और पूरे दिन उत्साह का माहौल बना रहा। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में पंजाबी पॉप सिंगर मननवीर सिंह ने अपनी चर्चित प्रस्तुति 'वजदे सेल्यूट' सहित अन्य गीतों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। करीब एक घंटे की दमदार परफॉर्मेंस में पंजाबी संगीत की धुनों पर पूरा पंडाल थिरकता नजर आयड्डा इसके पश्चात भारतीय परिधान प्रस्तुति शो का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 25 महिलाओं ने भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा पहनकर भारतीय संस्कृति और विविधता का मनमोहक प्रदर्शन किया। वहीं स्वर श्री प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के पूर्व संध्या काल में शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर से बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए और शैक्षणिक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। दोपहर के समय खेलो एमपी यूथ गेम 2026 (मध्य प्रदेश का ओलंपिक) के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा बुंदेली न्यास समिति, बुंदेली मेला के संयुक्त तत्वावधान में तहसील ग्राउंड में शतरंज, कराते, कुश्ती सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए लगभग 100 बालक एवं बालिकाओं ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजकों के अनुसार इसी क्रम में आज योग, तीरंदाजी सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। बुंदेली दमोह महोत्सव में संस्कृति, संगीत, शिक्षा और खेल का यह समागम शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

## सिद्ध चक्र महामंडल विधान संपन्न



**दमोह।** दमोह के सेठ मंदिर में मुनि श्री सौम्य सागर जी के मंगल सानिध्य में एक दिवसी सिद्ध चक्र महामंडल विधान संपन्न हुआ। विधान के सोधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य आकाश अक्षत सेठ को प्राप्त हुआ उनके सुपुत्र प्रज्ञान सेठ के 8 वर्ष पूर्ण होने पर टेंपल डे के दिन इस विधान का आयोजन किया गया इसमें महायज्ञ नायक बनने का सौभाग्य वीरेश सेठ कमलेश कामना सेठ को प्राप्त हुआ जबकि श्रीपाल मैंना सुंदरी बनने का सौभाग्य अमित मोनिका सेठ को प्राप्त हुआ कुबेर बनने का सौभाग्य अनिल कविता सेठ ईशान इंद्र राजेंद्र साधना सराफ सुरेंद्र सरिता परितोष एवं श्वेता जैन को महेंद्र एवं सनथ इंद्र बनने का सनथ इंद्र बनने का सौभाग्य मुकेश सविता पाटो वालों को प्राप्त हुआ। विधान एवं हवन में मुख्य रूप से कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंघई देवेंद्र सेठ विक्रम सेठ अनुराग बैसाखिया विनय विनम्र सुनील वेजीटेरियन इंद्र कुमार जैन संजय जैन एलोरा भी सम्मिलित रहे। इसके पूर्व विधान के प्रारंभ में श्री जी का अभिषेक करने का सौभाग्य प्रथम बार प्रज्ञान सेठ को प्राप्त हुआ। इसके पूर्व मुनि श्री सौम्य सागर जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि सिद्ध चक्र महामंडल विधान जीवन में सभी सिद्धि को देने वाला है सिद्धों की आराधना मनुष्य को मोक्ष द्वार की ओर ले जाती है सिद्धों की आराधना करते रहना चाहिए।

## नियमानुसार नहीं बंट रहा मध्यान भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

केंद्र सरकार द्वारा संचालित शासकीय स्कूलों में छात्रों के लिए दोपहर का भोजन उपलब्ध कराए जाने हेतु मध्यान भोजन योजना को इस उद्देश्य से लागू किया गया था ताकि छात्रों को स्कूल में ही पौष्टिक और रुचिकर भोजन प्राप्त हो सके लेकिन अफसोस की कुछ स्कूलों में मध्यान भोजन सप्लाई कर रहे सहसहता समूह के मुखिया द्वारा बच्चों के मुंह से निवाला छीनकर अपनी तिजोरिया भरने का कार्य किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला खमरगौर के मिडिल स्कूल में देखा जा सकता है। ग्राम खमरगौर के लोगों के बताते मुताबिक एवं प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम खमगौर के मिडिल स्कूल में छात्रों की दर्ज संख्या 171 है इन छात्रों को मध्यान भोजन वितरण करने का ठेका ग्राम के ही जय बजरंग सह सहायता समूह को दिया गया है। ग्रामीण जनों ने बताया कि समूह द्वारा छात्रों को शासन के नियम मुताबिक मध्यान भोजन नहीं परोसा जाता है। खीर पराठा एवं राजमा की सब्जी तो कभी दिखाई ही नहीं देती है मध्यान भोजन में गुणवत्ता भी नहीं होती है। हरिभूमि ने जब कुछ छात्रों से बात की तो उन्होंने बताया कि हम लोगों को मेनू मुताबिक भोजन नहीं मिलता है भोजन तो आता है लेकिन मेनू चार्ट अनुसार नहीं दिया जाता, यहां पर विचारणीय पहलू यह है कि सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करके यह जनकल्याणकारी योजना तो चलाई जा रही है लेकिन सरकार के ही नुमादों को यह देखने की फुर्सत नहीं है कि इस योजना का वास्तविक लाभ छात्रों को मिल भी रहा है या नहीं? या समूह वाले बीच में ही गोलमाल कर रहे हैं? यदि प्रशासन की इस ओर भी नजर होती तो शायद बच्चों के हक का भोजन बच्चों तक जरूर पहुंचता, ज्ञात हो की यह हालात सिर्फ खमरगौर मिडिल स्कूल के ही नहीं है बल्कि क्षेत्र में अधिकांश स्कूलों में यही हालात बने हुए हैं यहां पर गौर करने वाली बात यह है कि स्कूलों में छात्रों की संख्या तो सैकड़ो में होती है लेकिन इन छात्रों को समूहो द्वारा मध्यान भोजन सिर्फ एक थैले में रखकर पहुंचाया जाता है? क्या? एक थैले में रखा हुआ मध्यम भोजन सैकड़ो छात्रों के लिए पर्याप्त है यह एक बड़ा सवाल है, सरकार भले ही करोड़ों रुपए खर्च करके अनेक जन कल्याणकारी योजनाए संचालित कर रही हो लेकिन जब तक उन योजनाओं की पारदर्शिता पर ध्यान नहीं दिया जाएगा ,योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंच भी रहा हैं? या नहीं? इस बात पर ध्यान नहीं दिया जाएगा तब तक हितग्राहियों को योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त होना मुश्किल है, इस मामले पर जब समूह के मुखिया से जानकारी लेना चाही तो संपर्क नहीं हो सका।

## टीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट पर उठे सवाल, कई टीमों ने बनाई दूरी

**तेंदूखेड़ा।** नगर में 4 जनवरी से रात्रिकालीन टीपीएल-2 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसे तेंदूखेड़ा के युवाओं द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आयोजन के मार्गदर्शक प्रदेश के राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी बताए जा रहे हैं। पहले वर्ष यह टूर्नामेंट सफल रहा था, इसी कारण दूसरे वर्ष बड़ी संख्या में टीमों ने भाग लिया। लेकिन लीग मैचों के दौरान जिस प्रकार की अव्यवस्थाएं और विवाद सामने आए, उससे खेल प्रेमियों और टीम मालिकों में गहरी निराशा देखी जा रही है। टूर्नामेंट में कुल 24 टीमों ने भाग लिया, जिनमें पुलिस विभाग, जनपद विभाग, विद्युत विभाग और वन विभाग की चार विभागीय टीमें भी शामिल थीं। आयोजन समिति द्वारा प्रारंभ में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को खेलने का अवसर देने की बात कही गई थी। पहले मैच के बाद ही नियमों में बदलाव कर दिए गए और टीमों को तेंदूखेड़ा क्षेत्र तक सीमित कर दिया गया। इसके चलते जनपद की टीम ने टूर्नामेंट में भाग ही नहीं लिया। पुलिस विभाग की टीम ने आधे मैच खेलने के बाद आगे खेलने से मना कर दिया। वन विभाग की टीम मैदान तक पहुंची, लेकिन खिलाड़ियों पर आपत्ति जताए जाने के कारण बिना खेले लौट गई। विद्युत विभाग की टीम ने तीनों मैच खेले, लेकिन तीनों में उसे हार का सामना करना पड़ा। इन घटनाओं के बाद विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों का टूर्नामेंट से मोह भंग हो गया। आयोजन समिति पर मनमानी और तानाशाही के आरोप लगाए जा रहे हैं। टीम मालिकों का कहना है कि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले एक टीम को पांच मैच खेलने की बात कही गई थी, लेकिन बाद में बिना सहमति के इसे घटाकर तीन मैच कर दिया गया। एक टीम को तीन मैच खेलने में लगभग 25 हजार रुपये का खर्च आ रहा है, जिसमें एंट्री फीस, खिलाड़ियों की ड्रेस और किट शामिल है। एक मैच का खर्च 8 से 10 हजार रुपये तक बताया जा रहा है, इसके बावजूद टीमों की समस्याओं की सुनवाई नहीं हो रही। राज रॉयल टीम के कप्तान राज यादव ने भी टूर्नामेंट में उनके साथ अन्याय होने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि ऑक्शन के दौरान मिले खिलाड़ियों में से एक कभी आया ही नहीं और दूसरा ऑपरेशन के कारण अनुपस्थित रहा। शिकायत के बावजूद दूसरे मैच में उन्हें अपने ही स्थानीय खिलाड़ियों को खिलाने की अनुमति नहीं दी गई, जिससे उनकी टीम को नुकसान उठाना पड़ा। कप्तान का आरोप है कि समिति उनकी टीम को जानबूझकर बाहर करना चाहती है। इन सभी घटनाओं के चलते तेंदूखेड़ा टीपीएल-2 की निष्पक्षता और आयोजन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। खेल प्रेमी मांग कर रहे हैं कि आयोजन समिति नियमों में पारदर्शिता लाए और सभी टीमों के साथ समान व्यवहार करे, ताकि खेल की भावना बनी रह सके।

## विधायक ने प्राथमिक उप -स्वास्थ्य केंद्र भवन का किया लोकार्पण



**दमोह।** विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया ने ग्राम पंचायत हंलगज नवनिर्मित प्राथमिक उप -स्वास्थ्य केंद्र भवन (लागत 65 रू लाख)का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कंछेदी सिंह, पं छोटेलाल गौतम, रमन खत्री, पं अखिलेश हजारी, जिला पंचायत सदस्य चटन पटेल, जनपद सदस्य पप्पू सिंह, सरपंच सुनील डबुल्या, राजकुमार जैन, बृजेश सिंह सहित क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

## उप स्वास्थ्य केंद्र बंद, ग्रामीण हो रहे परेशान

**जबेरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा के अंतर्गत आने वाला उप स्वास्थ्य केंद्र बिजोरा खमरिया लगातार 5 महीना से बंद पड़ा है पिछले 5 महीना में एक भी दिन उप स्वास्थ्य केंद्र नहीं खुला यहां पर पदस्थ ए एन एम एवं सीएचओ ना ही कभी ग्राम में आते है। ना ही मुख्यालय बनाकर के इस ग्राम में निवास करते है। ए एन एम मात्र टीकाकरण करने आती है जबकि शासन के निर्देशानुसार एएनएम एवं सी एच ओ को मुख्यालय पर रहकर क्षेत्र के नागरिकों को प्रतिदिन स्वास्थ्य सुविधाएं देना चाहिए परंतु बिजोरा स्वास्थ्य केंद्र पर ऐसा नहीं हो रहा है। शासन के द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई बिल्डिंग पर पिछले पांच माह से ताला लगा हुआ है। ग्राम के खुमान सिंह दौलत सिंह नरपत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य सुविधाएं न मिलने से ग्राम की लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस संबंध में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जबेरा प्रतिनिधि सुजान सिंह ने दमोह कलेक्टर से मांग करते हुए कहा कि बिजोरा स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य सुविधाएं तुरंत सुचारू रूप से संचालित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित करें । यदि सात दिवस के अंदर ग्राम की स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल नहीं होती है तो ग्राम वासी आंदोलन हेतु विवश होंगे।



## चतुर्थ क्रमोन्नति का लाभ मिलने पर शिक्षकों में हर्ष



**दमोह।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विगत कैबिनेट में सहायक शिक्षक प्राथमिक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक माध्यमिक शिक्षकों को 35 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर चतुर्थ क्रमोन्नति प्रदान करने की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा शिक्षक दिवस पर की गई, जिसको कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव लाकर मूर्तरूप दे दिया गया है। वर्तमान में मूल पद के आधार पर 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों, व्याख्याताओं ओर प्राचार्य पद पर पदोन्नति प्राप्त करने वाले लाभान्वित होंगे जिन्हें प्रतिमाह 2500 से 7000 रुपए का लाभ होगा, जिसकी गणना एक जुलाई 2023 से होने पर एरियर्स की राशि का लाभ भी मिलने वाला है, जिससे शिक्षकों में हर्ष का वातावरण व्याप्त है। नवीन शिक्षक संवर्ग के सभी शिक्षक साथियों को उनकी 35 वर्ष की सेवाकाल पूर्ण होने पर इसी प्रकार से लाभ प्राप्त होगा। अभी तक शिक्षकों को क्रमशः 12 वर्ष 24वर्ष व 30 वर्ष की सेवाकाल पर प्रथम द्वितीय व तृतीय क्रमोन्नति का लाभ प्राप्त होता था, अब इस आदेश से शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नति का लाभ प्राप्त होगा। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई के साथ संभाग व प्रांतीय इकाई का प्रतिनिधित्व करते हुए स्थानीय विधायक (पूर्व वित्त मंत्री)माननीय श्री जयंत कुमार मलैया जी के निवास पर शिक्षकों के हित में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दिए गए इस लाभ की सराहना करते हुए बहुत बहुत आभार माना, साथ ही मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विगत वर्षों में शिक्षक हितैषी निर्णयों की चर्चा करते हुए माननीय मलैया जी का शॉल श्रीफल से स्वागत सम्मान किया। इसके साथ ही नवीन शिक्षक संवर्ग को इसका लाभ प्राप्त हो, इसके लिए उनके सेवाकाल की गणना नियुक्ति दिनांक से की जाना आवश्यक होगा,इस आशय का एक ज्ञापन माननीय जी के कर कमलों में सौंपा। इस पर माननीय मलैया जी द्वारा माननीय शिक्षा मंत्री जी एवं वित्त मंत्री जी से चर्चा करने का आश्वासन दिया गया। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की कार्यशैली अन्य संगठनों से भिन्न है। शिक्षक संघ मात्र ज्ञापन देकर अपना कर्तव्य पूर्ण नहीं मानता, बल्कि ज्ञापन ओर किए जा रहे कार्य की निरंतर समीक्षा करता है, प्रत्येक स्तर पर उस फाइल को गति देने, उसमें आने वाली रुकावटों को दूर करने के साथ ही उसे अंतिम पायदान तक पहुंचाता है। अंतिम निर्णय होने तक लगातार संपर्क मे रहते हुए उसकी सार्थकता को मूर्तरूप में लाने के उपरांत ही संघर्ष विराम लेता है। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ प्रांतीय अध्यक्ष डॉ श्री क्षत्रवीर सिंह राठौर, प्रांतीय महामंत्री श्री राकेश गुप्ता सहित प्रांतीय इकाई के लगातार संघर्ष के परिणाम स्वरूप चतुर्थ क्रमोन्नति प्राप्त हो रही है, निश्चित रूप से नवीन शिक्षक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के एक सूत्रीय संकल्प पर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ प्रांतीय इकाई का संघर्ष शुरू हो गया है, शीघ्र ही सार्थक परिणाम परिलक्षित होंगे। माननीय मलैया जी से भेंट कर आभार स्वागत सम्मान में वरिष्ठ मार्गदर्श पारस जैन, प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र जैन, संभागीय अध्यक्षप्रमेंद्र जैन, जिलाध्यक्ष श्री कमलेश सेन, श्री संजय पाठक, मनीष भारद्वाज, आदित्य चौरसिया, महेश गुप्ता, अनुज रतले, भागचंद जैन, प्रमोद जैन,राजीव विश्वकर्मा, रामबिहारी विश्वकर्मा, रामशंकर मिश्रा, सुरेन्द्र चौबे, नीतेश पाठक, आर बी सिंह की उपस्थिति रही।

## श्रीराम गौशाला में पंचकर्म एवं वेल्डनेस सेंटर का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

विश्व हिंदू परिषद के सेवा विभाग के माध्यम से रविवार को नगर के रामाराव नायडू गौशाला परिसर में सत्य कबीर पंचकर्म एवं वेल्डनेस सेंटर का विधिवत शुभारंभ किया गया। केंद्र का लोकार्पण आचार्य पीठ कबीरधाम सागर के पीठाधीश्वर पंडित पूजनीय गुरुदेव राम जीवन शास्त्री साहिब जी के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर अंधियारा बगीचा से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर भ्रमण करते हुए श्री राम गौशाला परिषद परिसर में संपन्न हुई। शोभायात्रा के समापन के पश्चात गुरुदेव रामजीवन शास्त्री जी द्वारा पंचकर्म एवं वेल्डनेस सेंटर का विधिवत लोकार्पण किया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अनुयायियों एवं पदाधिकारियों द्वारा गुरुदेव जी का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। आरती-वंदन के उपरांत गुरुदेव जी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। तत्पश्चात उन्होंने अपने उद्बोधन में पंचकर्म चिकित्सा पद्धति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। कार्यक्रम में विशेष रूप से श्री अनुराग मिश्रा (प्रांत सेवा प्रमुख, महाकौशल प्रांत), श्री द्वारका मिश्रा (जिला संगठन मंत्री), श्री अजय खत्री (जिला अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद), शंभू जी विश्वकर्मा (जिला मंत्री), बबलू राय (जिला उपाध्यक्ष), राजेश पटेरिया (जिला उपाध्यक्ष), भरत राय (प्रखंड अध्यक्ष), सुशील सेलट (प्रखंड मंत्री), सुनील सोनी (प्रखंड सत्संग प्रमुख), संजू शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।केंद्र में वैद्य बी.पी. विश्वकर्मा द्वारा निरंतर सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जहां पंचकर्म चिकित्सा पद्धति के माध्यम से आमजन का उपचार किया जाएगा। यह केंद्र क्षेत्रवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।